





## भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.,अवध प्रान्त

## की

## डिजिटल पत्रिका

अंक–पंचविशतिः पुष्प, जनवरी 2024

# अवध विहान

# अवध–विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

### प्रधान सम्पादक

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

### सहसम्पादक

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का.
लखीमपुर–खीरी

### विशेष सहयोग

**जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
अवध प्रान्त

# सम्पादक की कलम से –



प्रकृति और मानव का संबंध आदिकाल से रहा है। वसंत पञ्चमी या श्रीपंचमी एक हिन्दू का त्योहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन पीले वस्त्र धारण करते हैं। प्राचीन भारत और नेपाल में पूरे साल को जिन छह मौसमों में बाँटा जाता था उनमें वसंत लोगों का सबसे मनचाहा मौसम था। जब फूलों पर बहार आ जाती, खेतों में सरसों का फूल मानो सोना चमकने लगता, जौ और गेहूँ की बालियाँ खिलने लगतीं, आमों के पेड़ों पर मांजर आ जाता और हर तरफ़ रंग–बिरंगी तितलियाँ मँडराने लगतीं। इस महीने में आकाश से कुहरा कम हो जाता है, ठंड कम पड़ने लगती है, आसमान निर्मल स्वच्छ हो जाता है, नदी, सरोवर, तालाब का जल अपनी भौतिक छवि से सबके मन को आकर्षित करते हैं। इसी महीने में पेड़ों में नई–नई कोपलें फूटती है। सरसों, जौ, आलू, गेहूँ, चना, मटर, तीसी की फ़सल तैयार होने को होती हैं। पीला रंग इस बात का द्योतक है कि फसलें पकने वाली हैं इसके अलावा पीला रंग समृद्धि का सूचक भी कहा गया है। इस पर्व को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। पुराणों–शास्त्रों तथा अनेक काव्यग्रंथों में भी अलग–अलग ढंग से इसका चित्रण मिलता है। वसन्त पञ्चमी के समय सरसो के पीले–पीले फूलों से आच्छादित धरती की छटा देखते ही बनती है। वसंत पंचमी के दिन कोई भी नया काम प्रारम्भ करना भी शुभ माना जाता है। काम की बात करें तो शिक्षा प्रारम्भ करना एक नया काम है इसीलिए वसन्त पंचमी के दिन हमें विद्यारम्भ संस्कार करते हैं जो हिन्दू समाज के अनुसार सोलह संस्कारों में से एक है। शास्त्रों के अनुसार यदि किसी कार्य को प्रारम्भ करना है तो ऐसे समय पर प्रारम्भ करना चाहिए जब हर तरफ एक सकारात्मक माहौल हो। वसन्त पंचमी के समय मौसम ऐसा हो जाता है कि न ही अधिक ठण्डा होता है और न ही अधिक गर्म होता है। खेतों मे भी हरियाली रहती है और फसले पक कर तैयार होती है अर्थात परिणाम सुखद होता है। इसके साथ ही यह पर्व हमें अतीत की अनेक प्रेरक घटनाओं की भी याद दिलाता है। सर्वप्रथम तो यह हमें त्रेता युग से जोड़ती है। रावण द्वारा सीता के हरण के बाद श्रीराम उसकी खोज में दक्षिण की ओर बढ़े। इसमें जिन स्थानों पर वे गये, उनमें दण्डकारण्य भी था। यहीं शबरी नामक भीलनी रहती थी। जब राम उसकी कुटिया में पधारे, तो वह सुध–बुध खो बैठी और चख–चखकर मीठे बेर राम जी को खिलाने लगी। वसंत पंचमी का दिन हमें पृथ्वीराज चौहान की भी याद दिलाता है। उन्होंने विदेशी हमलावर मोहम्मद ग़ोरी को 16 बार पराजित किया और उदारता दिखाते हुए हर बार जीवित छोड़ दिया, पर जब सत्रहवीं बार वे पराजित हुए, तो मोहम्मद ग़ोरी ने उन्हें नहीं छोड़ा। सिखों के लिए में बसंत पंचमी के दिन का बहुत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी का विवाह हुआ था। वसंत पंचमी हमें गुरू रामसिंह कूका की भी याद दिलाती है। उनका जन्म 1816 ई. में वसंत पंचमी पर लुधियाना के भैणी ग्राम में हुआ था। कुछ समय वे महाराजा रणजीत सिंह की सेना में रहे, फिर घर आकर खेतीबाड़ी में लग गये, पर आध्यात्मिक प्रवृत्ति होने के कारण इनके प्रवचन सुनने लोग आने लगे। धीरे–धीरे इनके शिष्यों का एक अलग पंथ ही बन गया, जो कूका पंथ कहलाया। राजा भोज का जन्मदिवस वसंत पंचमी को ही आता हैं। राजा भोज इस दिन एक बड़ा उत्सव करवाते थे जिसमें पूरी प्रजा के लिए एक बड़ा प्रीतिभोज रखा जाता था जो चालीस दिन तक चलता था।वसन्त पंचमी हिन्दी साहित्य की अमर विभूति महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी श्निरालाश का जन्मदिवस (28.02.1899) भी है। निराला जी के मन में निर्धनों के प्रति अपार प्रेम और पीड़ा थी। वे अपने पैसे और वस्त्र खुले मन से निर्धनों को दे डालते थे। इस कारण लोग उन्हें महाप्राण कहते थे। इस दिन जन्मे लोग बहुत आगे जाते है।



**डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह**
**प्रधान सम्पादक**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**
**लखीमपुर–खीरी**

# लखनऊ संकुल



## भारतीय गणितज्ञ का जन्मदिन मनाया गया





लखनऊ, महज 32 वर्ष के जीवन काल में विश्व को 3845 सूत्र देने वाले विलक्षण प्रतिभा के धनी महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्मदिन गणित दिवस के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीगंज में मेला लगाकर बड़े धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर BBD इंजीनियरिंग कॉलेज की गणित की प्रोफेसर डॉ कोमल असरानी ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि नंबरों का खेल खेलने वाले महान गणितज्ञ श्रीनिवास जी से जब बीमारी की अवस्था में इंग्लैंड के प्रसिद्ध गणितज्ञ ने पूछा कि आपकी गाड़ी का नंबर 1728 क्यों हैं तो उन्होंने मुस्कराते हुए कहा कि यह 12 का घन है । शिवांशी त्रिपाठी कक्षा 12 की छात्रा ने बताया कि 22 दिसंबर सन 1887 में तमिलनाडु के कोयम्बटूर जिले के इरोड गांव में जन्में श्रीनिवासन रामानुजन अपनी प्रतिभा, कौशल और गणित प्रेम से दुनिया

को अचंभित कर दिया। अवध प्रांत के प्रदेश निरीक्षक मृदुभाषी सबके प्रिय आदरणीय रामजी जी सिंह तथा मुख्य अतिथि डॉक्टर कोमल असरानी ने मां शारदे की बंदना कर श्री रामानुजन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। आदरणीय रामजी जी सिंह ने अपने उद्बोधन में बच्चों को प्रेरित करते हुए गणित में रुचि लेने को कहा । बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने बताया कि बच्चे निरपेक्ष होते हैं । उन्होंने कहा आपकी आंखों की चमक और उत्सुकता को देखकर मेरे उम्र के लोगों को ऊर्जा मिलती है । गणित के पूर्व प्रोफेसर और विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र ने बताया कि उनके गणित के अध्यापक के प्यार और स्नेह ने उन्हें गणित पढ़ने में रुचि पैदा की । उन्होंने बताया कि पता नही आपमें से कौन कल श्रीनिवासन बन जाय। प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर परिचय कराया ।





## बच्चों ने दिखाया हुनर



लखनऊ, नई शिक्षा नीति के आलोक में बच्चों की प्रतिभा को मूल रूप से विकसित करने के क्रम में आज सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर क्यू अलीगंज में क्रिया कलाप सप्ताह का प्रारंभ हुआ। एक सप्ताह तक चलने वाले इस एक्टिविटी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भैया बहनों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग





किया। सयोंजक डॉक्टर पारुल गुप्ता ने बताया कि प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र और प्रधानाचार्य श्रीमान संतोष सिंह की प्रेरणा से जनवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में नन्हे मुन्नों को बिना बैग के उनकी रुचि और पसंद का विकास करने के लिए एक सप्ताह की यह मस्ती की पाठशाला / कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। आज प्रथम दिन 10 बजे से 2 बजे तक दो सत्रों में आर्ट एंड क्राफ्ट के गुर सिखाए गए।आर्ट में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की पेंटिंग थंभ , ब्रश,पेंटिंग स्केचिंग ,शेडिंग ,दृश्य आदि विधाओं का प्रदर्शन किया गया । द्वितीय सत्र में क्राफ्ट एक्टिविटी में अनाज के दानों से सिनियरी, मिट्टी से वभिन्न आकृतियों ,कागज के फूल आदि कलाओं का विकास सिखाया गया । आज डे 1 की इंचार्ज शर्मिला श्रीवास्तव , प्रत्यंचा कुलश्रेष्ठ तथा रेनू जी ने नन्हे, मुन्नो के प्रयास की सराहना करते हुए बताया कि नन्हे मुन्नों ने कागज से मछली ,कार्ड मेकिंग,मास्क मेकिंग ,पतंगे बनाना ,कई प्रकार की वाल हैंगिंग आदि बनाकर सभी को अपनी तरफ आकर्षित किया ।नन्हे मुन्नों की क्रिया शीलता और उत्साह तो देखते ही बनती है । प्रधानाचार्य श्रीमान संतोष सिंह ने पूरी कार्यशाला में एक एक बच्चे के स्किल को देखने और समझने का प्रयास किया । उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# क्षेत्रीय संगठन मंत्री जी का हुआ प्रवास



लखनऊ, विद्यालय में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के बाद भईया–बहनों के साथ समर्पण की चर्चा व प्रोत्साहन के अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि ने बालक सुभाष के बचपन की कहानी सुनाकर संदेश दिया कि अपने हिस्से में से बचाकर भूखे को भोजन कराने अथवा समाज की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। आदरणीय हेमचंद्र जी ने जोरावर सिंह और फत्ते सिंह की कहानियों के द्वारा त्याग और समर्पण भाव जगाने का प्रयास किया । विद्यालय के सेवकों को कंबल वितरित



कर उन्होंने सेवा पखवारे में सभी आचार्य ,कर्मचारी और भैया बहनों को अधिक से अधिक समर्पण करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने मां शारदे की वंदना के उपरांत मुख्य अतिथि का परिचय कराया व सम्मान प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र जी द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र ने कहा, समर्पण का भाव जगाने वाले संत पुरुष आदरणीय हेमचंद्र जी का जो अपनत्व और स्नेह मुझे मिल रहा है वह अविस्मरणीय रहेगा। मैं आभारी हूं उनका कि अपने व्यस्त समय में से थोड़ा समय निकाल कर विद्यालय को दिया। उनका मार्गदर्शन समय समय पर विद्यालय को मिलता रहता है । हम इसके आभारी हैं ।

# क्षेत्रीय प्रमुख का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ





लखनऊ, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ए ब्लॉक इंदिरा नगर लखनऊ में वंदना सभा में विद्यालय प्रबंधक माननीय मदन मोहन गुप्ता जी एवं क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख माननीय राजेंद्र बाबू जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ ।









# पुरातन छात्र सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न



लखनऊ, आज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर में पूर्व छात्र सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड न्यायाधीश श्री उमेश चंद्र श्रीवास्तव जी,क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री हेमचंद जी ,विद्यालय के प्रबंधक श्री शैलेंद्र शर्मा जी एवं कोषाध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल जी एवं प्रधानाचार्य श्री राम तीर्थ वर्मा जी ने प्रार्थना सभा में दीप जलाकर पूर्व छात्र सम्मेलन एवं राष्ट्रीय युवा दिवस का शुभारंभ किया जिसमें सभी भैया बहनों ने एवं आचार्य, आचार्या बहनों ने सहभाग किया जिसमें विवेकानंद जी के बारे में बहुत सी जानकारी दी गई तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से उनके जीवन पर आधारित बायोग्राफी भैया बहनों को दिखाई गई। साथ ही साथ तहरी भोज का भी आयोजन कराया गया जिसमें सभी पूर्व छात्रों ने एवं आचार्य आचार्या बहनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# अयोध्या संकुल

## गणित विशेषज्ञ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया




अयोध्या विद्या भारती विद्यालय शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तुलसीनगर में महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का

शुभारंभ मुख्य अतिथि योगेश जी(सेवा शिक्षा संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल) एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। शिवम तिवारी(कक्षा 11) ने भाषण, सोनल पांडेय (कक्षा 9) ने गणितीय पहेली, देवेश तिवारी(कक्षा 11) ने गणित मॉडल तथा अर्पिता कश्यप (कक्षा 10) ने भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक लल्ला सिंह (प्रवक्ता गणित) ने बताया कि गणित गणना ऐसी पद्धति है, जिससे जटिल अंकगणितीय गणनाएं अत्यंत ही सरल, सहज व तत्वरित संभव है। श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को भारत के कोयंबटूर के इरोड नामक गांव में हुआ था। इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में गहन योगदान दिया। मुख्य अतिथि योगेश कुमार ने भैया– बहनों को संबोधित करते हुए बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताएं छात्रों को जीवन में आगे बढ़ाने में मदद करती है। प्रत्येक भैया –बहनों को जिज्ञासु प्रवृत्ति का होना चाहिए। प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन एक महान गणितज्ञ थे तथा इन्हें अंको का जादूगर कहा जाता था। इस अवसर पर आचार्य रामजी, परमात्मादीन, मुकेश, उत्तम , अरविंद, घनश्याम सिंह, उर्मिला, विभा ,ज्योति तिवारी एवं कृष्णानंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी मिश्रा (कक्षा 11) ने किया। प्रचार प्रमुख सीमा पांडेय ने बताया कि गणित दिवस के अवसर पर सहभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।







# सीतापुर संकुल

## वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया




जुगुल किशोर गोविन्द प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज लहरपुर में गुरु गोविन्द सिंह जी के साहिबजादों अजीत सिंह,जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह की शहादत को याद करते हुए वीर बाल दिवस मनाया गया ।कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय के माननीय प्रबंधक श्री आशीष मेहरोत्रा जी एवं प्रधानाचार्य श्री अनुराग मिश्रा जी ने साहिबजादों की याद में दीप जलाकर किया। भैया / बहिनों ने श्री गुरु गोविन्द सिंह जी एवं उनके शहीद सपूतों पर गीत एवं भाषणों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य वक्ता के रुप में मिलेनियम इण्टरनेशनल के फाउंडर श्री तरनजीत सिंह जी ने साहिबजादों के तथा उनकी शहादत के बारे में भैया /बहिनों को बताया तथा उपस्थित सभी लोगों से श्रद्धांजलि अर्पित कराया । प्रबंधक जी ने अतिथि महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । प्रधानाचार्य जी ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। मंच का कुशल संचालन वरिष्ठ आचार्य श्री छोटेलाल जी ने किया। कार्यक्रम में समस्त आचार्य बन्धुओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

## विवेकानन्द जी की जयन्ती मनायी गयी



सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर में मां सरस्वती की वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य श्री रामानुज चौरसिया जी के दिशा निर्देशन में विवेकानंद जयंती का कार्यक्रम ( राष्ट्रीय युवा दिवस ) मनाया गया , इस कार्यक्रम का संचालक विद्यालय के पूर्व छात्र प्रमुख श्री राम प्रकाश रस्तोगीजी ने किया , कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राकेशजी व हरीशजी ने विवेकानंदजी पर विस्तार से प्रकाश डाला , तथा पूर्व छात्रों ने भी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामानुज चौरसिया जी ने हम लोगों का मार्गदर्शन किया , इस अवसर पर विद्यालय के इस अवसर विद्यालय के प्रबंधक श्री दिनेश चंद्र गुप्तजी का भी आशीर्वचन हम लोगों को प्राप्त हुआ , शिशु मंदिर शिशु वाटिका व बालिका विद्या मंदिर के सभी आचार्य / आचार्या बहनों की सहभागिता रही , कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

# महान गणितज्ञ की जयन्ती मनायी गयी







सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर में मां सरस्वती की वंदना के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मान रामानुज चौरसिया जी के दिशा निर्देशन में श्री निवास रामानुजन (महान गणितज्ञ) की जयंती का कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिशुभारती प्रमुख आचार्य श्रीमान पुष्पेंद्र जी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्यालय के आचार्य श्री अंकित सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामानुज चौरसिया जी ने श्रीनिवास रामानुजन के गणित संबंधी प्रमेय एवं सूत्रों की खोज पर किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाल। इस पावन अवसर पर भैया बहनों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु/ आचार्या बहनों की सहभागिता रही । कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।



# मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया









सरस्वती शिशु मंदिर / विद्यामंदिर बालिका पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर में मातृ सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री महेश कुमार मिश्र जी द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग प्रचारक श्री अभिषेकजी , साथ में श्रीमती मिथिलेश कुमारी ब्लाक प्रमुख सकरन ब्लाक , मुख्य अतिथि– माननीय रामजी सिंहजी प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति अवध प्रांत , कार्यक्रम की अध्यक्षा श्रीमती मीरा सिंघलजी समाज सेविका , संभाग निरीक्षक श्री सुरेश कुमार सिंहजी , विद्यालय के प्रबंधक श्री दिनेश चंद्र गुप्तजी / नैना गुप्ताजी , कोषाध्यक्ष श्री मुन्नालालजी मौर्य , श्री विमलेश कुमार अवस्थीजी ( सीतापुर विभाग के सेवा प्रमुख ), श्री रूपेश अवस्थी (प्रांत प्रमुख जन जातीय कार्य) ,उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसिया एवम बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तवजी द्वारा कराया गया। उसके पश्चात मां शारदे की वंदना बालिका विद्या मंदिर की बहनों द्वारा संपन्न की गई। मातृ सम्मेलन की प्रस्ताविकी माननीय प्रदेश निरीक्षक जी के द्वारा रखी गई । स्वागत गीत ( मन की ....) शिशु मंदिर की बहिनों के द्वारा किया गया , आए हुए अतिथियों का सम्मान प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इसके पश्चात शिशु मंदिर के नन्हें मुन्हें भैया / बहिनों द्वारा भजन



(मुकुट सिर मौर का ......) , इसके उपरांत शिशु वाटिका के भैया / बहनों के द्वारा भजन ( अपनी अपनी करनी का फल ....) प्रस्तुत किया गया। ज्ञान , धन विश्वास और घमंड शिशु मंदिर के भैयाओं के द्वारा प्रहसन, बालिका विद्या मंदिर की बालिकाओं के द्वारा मां वैष्णों देवी का प्रकटीकरण नृत्य नाटिका एवं अवध में राम आए हैं सजीव नृत्य प्रस्तुत किया गया , आई हुई माताओं के द्वारा विचाररखे गए। माताओं से अपेक्षा विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री अतुल कुमार सिंहजी के द्वारा प्रस्तुत किया गया । माताओं / बहनों के लिए पाथेय स्वरूप आशीर्वचन अवध प्रांत के प्रदेश निरीक्षक श्री राम जीसिंहजी ने दिया। अध्यक्षीय आशीर्वचन कार्यक्रम की अध्यक्षा श्रीमती मीरा सिंघलजी ने दिया। आभार प्रदर्शन बालिका विद्या मंदिर की अध्यक्षा श्रीमती रजनी गुप्ताजी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया ।







# मातृ सम्मेलन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न







रामदुलारे मिश्र सरस्वती विद्या मन्दिर हरगांव में मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें भैय्या बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए व आयीं हुई मातृ शक्ति ने अपने विचारों को व्यक्त किया साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बिपिन बिहारी शुक्ला द्वारा बच्चों सुख–सुविधाओं उनके पढ़ाई के प्रति रुचि एवम अनावश्यक खर्चा देने आदि संबंधी विषयों पर माताओं को जानकारी प्रदान की साथ ही विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री अनिल त्रिवेदी जी ने बच्चों की डायरियों का नियमित अवलोकन करने व समय समय पर विद्यालय आकर छात्रों की जानकारी लेने का आग्रह किया वही श्री सुधीर बाजपेई जी ने भी माताओं को बच्चों के विषय में जानकारियां साझा की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री राम नरेश पाण्डेय जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य व आचार्या उपस्थित रहे ।

# महान गणितज्ञ का जन्म दिन मनाया गया












भारतीय गणितज्ञ श्री श्रीनिवास रामानुजन अयंगर जी के जन्मदिवस के अवसर पर जुगल किशोर गोविंद प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लहरपुर सीतापुर में राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में गणित मेले का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्री हाजी जावेद अहमद जी को आमंत्रित किया गया जिसमे भैया बहनों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमे गणित प्रदर्श, गणितीय भाषण , गणितीय कविता ,गणितीय खेल व पहेलियां, गणितीय रंगोली गणितीय निबंध, उल्टी गिनती,पहाड़े सीधे व उल्टे, चार्ट प्रतियोगिता गणित पत्र प्रस्तुतीकरण व प्रश्न मंच आदि प्रतियोगिताये सम्मिलित रही गणित मेले का उद्घाटन श्री हाजी जावेद अहमद जी,विद्यालय के अध्यक्ष श्री राम गुलाम वर्मा जी,प्रबंधक श्री आशीष मेहरोत्रा जी , सदस्य श्री अयोध्या प्रसाद शुक्ला जी,श्री त्रिभुवन जी के द्वारा मां सरस्वती का दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन करके हुआ।उदघाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष जी ने भैया बहनों को पूर्ण रूप से अनुशाषित रहकर विद्या अध्धयन करते हुए स्वयं ,विद्यालय तथा क्षेत्र को गौरवान्वित करने को बताते हुए जीवन में शिक्षा के महत्व को बताया।प्रदर्श व रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक में विद्यालय के पूर्व गणित प्रवक्ता श्री अवनिन्द्र दीक्षित जी रहे। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के गणित आचार्य आशीष जी एवं सत्यम जी सहित समस्त आचार्य जी की देखरेख में हुआ। मंच पर अतिथियों का परिचय एवं आभार विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री अनुराग मिश्रा जी ने कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री छोटेलाल जी ने किया।

# लखीमपुर संकुल

## विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया




स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में जिला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्रशासन की और से किया गया था जिसमें उद्घाटन के समय माननीय जिलाधिकारी महोदय भी उपस्थित थे और साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक जी ने लखीमपुर जिले के लगभग 176 विद्यालयों से आए हुए लगभग 300 मॉडल का निरीक्षण किया जिसमें अपने विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई के सीनियर वर्ग के भैया लक्ष्य गुप्ता को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिसमें नगद ₹5000 इनके बैंक में जमा किए जाएंगे और साथ ही इन्हें आगे के प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना है। इसके साथ ही इसी विद्यालय की जूनियर वर्ग की बहन तारिणी राणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है इन्हें नगद ₹2000 की धनराशि के खाते में जमा की जाएगी।

## बाल मेला धूमधाम से सम्पन्न हुआ

श्री तेज महेन्द्रा सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया कलां खीरी में बाल दिवस के अवसर पर भव्य बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप पलिया के पुलिस क्षेत्राधिकारी अजेन्द्र यादव व पलिया कोतवाली के कोतवाल उपस्थित रहे। सभी अतिथि महानुभावों का स्वागत विद्यालय के अध्यक्ष चांद कुमार जैन, प्रबंधक राम बचन तिवारी ,सह–प्रबंधक शिवपाल सिंह, प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह, व आचार्य बंधुओं ने घोष के साथ किया । विद्यालय के प्रवेश द्वार पर बहिनों ने अतिथि महानुभावों के तिलक एवं अक्षत लगाकर उनका सम्मान किया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पुष्पार्चन एवं सिखों के दशम गुरु गोविन्द सिंह के चार साहिबज़ादे कें चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया । मेले का




उद्घाटन क्षेत्राधिकारी महोदय के द्वारा फीता की गांठ खोल कर किया गया। मेले में खाने –पीने एवं खेल दुकाने विद्यालय के भैया/बहिनों के द्वारा लगाई गई जिसमें पूर्वांचल की प्रसिद्ध बाटी–चोखा , फ्रूट चाट , झांसी की मसहूर पानी– पूड़ी , पॉपकॉर्न , बर्गर , चाट मसाला, बिरयानी, पराठा रोल , पेस्टीज, खेल में – रिंग गेम , पानी में पैसा डालो किस्मत आजमाओ , मोमबत्ती जलाओ , आदि। सभी बच्चों ने खूब खाया पिया और मेले का भरपूर आनंद लिया रंगोली व विज्ञान प्रदर्शनी आकर्षण का मुख्य केन्द्र रही। मेले में भैया/बहिनों के लिए लकी ड्रा कूपन का भी आयोजन किया गया था । मेले के बाद पर्ची निकाली गई जिसमें प्रथम दो रोहित व आकाश को साइकिल, द्वितीय पुरुस्कार दीपक व नीति को मिक्सर तथा तृतीय पुरुस्कार में आर्यन व मोहित को म्यूजिक सिस्टम दिया गया तथा पचास भैया/बहिनों को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया । इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रुप में भारती शिक्षा समिति के उत्तर प्रदेश अवध प्रांत के प्रदेश निरीक्षक श्री राम जी सिंह, सीतापुर सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक सुरेश सिंह जी उपस्थित रहे । प्रदेश निरीक्षक जी व सम्भाग निरीक्षक जी ने पूरे मेले का निरीक्षण करते हुए विज्ञान प्रदर्शनी देखी । प्रदेश निरीक्षक जी ने विज्ञान प्रदर्श के भैया/बहिनों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि प्रयोग ऐसे हो जो कम समय तथा कम लागत में तैयार हो और समाज के लिए उपयोगी हो इसके पश्चात छात्रावास का निरीक्षण किया । कार्यक्रम में पलिया नगर के अनेक सम्मानित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।







# अटल बिहारी बाजपेयी जी एवं महामना मदन मोहन मालवीय जी की जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया




विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड), लखीमपुर खीरी में आज अटल बिहारी बाजपेयी जी एवं महामना मदन मोहन मालवीय जी की जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने मां सरस्वती जी, अटल बिहारी बाजपेयी जी एवं महामना मदन मोहन मालवीय जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन कर किया। इसके बाद भैया देवांश मिश्रा, भैया अंश पटेल, भैया रमन पटेल व भैया अर्पित वर्मा नें दोनों महापुरूषों के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय के आचार्य श्री सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी जी नें अटल बिहारी बाजपेयी जी व महामना मदन मोहन मालवीय जी के जीवन एवं उनके व्यक्तित्व के बारे में बताया। तत्पश्चात विद्यालय के आचार्य श्री आलोक कुमार मिश्र जी नें भैयाओं को बताया कि मालवीय जी के जन्म के



समय अंग्रेजी शासन अपनी बुलंदी पर था। साथ ही, भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति के लिए स्वाधीनता आंदोलन भी पूरे देश में फैल चुका था। मालवीय जी भी इस आंदोलन में कूद पड़े। स्वाधीनता आंदोलन की धुरी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वह चार बार अध्यक्ष रहे। तीन बार जेल की सजा भुगती। समाज सेवा, राजनीति, शिक्षा, वकालत, समाज सुधार और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी सक्रियता और समर्पण ऐतिहासिक रहा। शायद इसीलिए महात्मा गांधी ने उन्हें 'भारत निर्माता' कहा और वही एकमात्र राष्ट्रसेवी हैं, जिन्हें 'महामना' का सम्मानपूर्ण संबोधन मिला। अटल जी के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि कवि, पत्रकार और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 1924 में आज ही मध्यप्रदेश में हुआ था। ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज से स्नातक किया। राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर के लिए कानपुर के डीएवी कॉलेज गए। 1942 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय सदस्य बने। 1951 में बनीं जनसंघ पार्टी के संस्थापक सदस्यों में एक रहे। 1975 में लगी इमरजेंसी के दौरान जेल गए। अटल जी ने 1999 में पाकिस्तान की सेना और आतंकवादियों द्वारा कारगिल की चोटियों पर कब्जा किए जाने के बाद जून में ऑपरेशन विजय को हरी झंडी दी। 1992 में पद्म विभूषण और 2015 में भारत रत्न से सम्मानित किए

गए। 16 अगस्त, 2018 को दुनिया को अलविदा कह गए। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें महामना मदन मोहन मालवीय जी के द्वारा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना तथा विश्वविद्यालय की चारदिवारी निर्माण के लिए हैदराबाद के निजाम से लिए गए दान की घटना का वर्णन किया तथा मदन मोहन मालवीय जी को कर्तव्यनिष्ठ एवं दृढ़ निश्चय वाला व्यक्ति कहा। अटल बिहारी जी के बारे में बताते हुए बताया कि अमेरिका द्वारा तमाम प्रतिबन्धों के बावजूद 1998 में पोखरण परिक्षण कराकर खुद को साहसी और सशक्त नेता के रूप में स्थापित किया। साथ ही साथ पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है और किसानों के हित में उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



## वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया




विद्या भारती विद्यालय माधव चिल्ड्रेन्स एकेडमी एवं माधव गुरुकुल छात्रावास में माधव वार्षिक खेलकूद सप्ताह 2023–24 के षष्टम दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि संकुल प्रमुख डॉक्टर योगेन्द्र प्रताप सिंह जी, जिला प्रमुख अरविन्द सिंह चौहान जी, श्री शिवकांत मिश्र जी (पूर्व प्रवक्ता धर्म सभा इंटर कॉलेज), राजवीर सिंह जी (अध्यक्ष भारत विकास परिषद्), डॉ० प्रदीप गुप्ता जी (सचिव भारत विकास परिषद्) व श्रीमती रुचि बाजपेई, एम डी एजुकेशन माधव चिल्ड्रेन्स एकेडमी तथा प्राचार्य साधना अवस्थी जी के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती, मां भारती व गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ० योगेन्द्र सिंह जी ने सभी विजेता खिलाडियों को बधाई दी व अन्य सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया स उन्होंने बताया कि खेलों में प्रतिभाग करना जीतने या हारने से कहीं बढ़कर है। साथ ही साथ आपने श्री अरविन्द सिंह जी ने क्रिकेट के खिलाडियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया व खेल का शुभारम्भ कराया स यह बच्चो के लिए गौरवान्वित करने वाला पल था। सीनियर सेक्शन में हुए क्रिकेट मैच में टीम गोलवलकर के प्रतिभावान खिलाड़ी अहम वर्मा ने बढ़िया प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाया पर टीम कलाम निर्धारित लक्ष्य को हासिल

न कर सकी। टीम गोलवलकर ने 20 रनों से जीत हासिल की। अहम वर्मा को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। एम० डी० एजुकेशन श्रीमती रुचि बाजपेई जी ने बच्चों को क्रिकेट और बैडमिंटन से सम्बंधित बहुत से खिलाडियों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उन्हें इन खिलाडियों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। षष्टम दिवस में आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया स विद्यालय में आज क्रिकेट, बैडमिंटन, खो–खो, डिस्क थ्रो, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया। प्राइमरी सेक्शन के बच्चों ने क्लोजिंग सेरेमनी में तरह तरह के खेल खेलकर खूब मनोरंजन किया। आज समापन दिवस पर विद्यालय की नन्हीं मुन्नी छात्राओं गौरांसी, राम्या, आन्या, लावण्या, मिताक्षी, अनूरा, अनिका, समृद्धि और रुद्राक्षी ने एक मनमोहक नृत्य गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। सीनियर सेक्शन में साक्षी गौड़, आराध्या गुप्ता व श्रेया यादव ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। प्राइमरी सेक्शन में हुए खेलों में आर्यन सोनी, मायजा, अनुरा, अनन्या, पंखुड़ी, वैदेही, श्रेयांश, गौरान्शी आदि ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर सेक्शन में घनश्याम, देवेन्द्र, हरजोत, रुद्रांश, हुजैब, विष्णु शिवहरे, कार्तिक, अनन्या, सारा व प्राची ने शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य श्रीमती साधना अवस्थी जी ने सभी अतिथियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्राचार्य वर्षिका पराशर, विकास बाजपेई, पूनम दीक्षित मैम, पूनम गुप्ता मैम, पूजा गुप्ता मैम, काजल मैम, अमित सर व ऋषभ गुप्ता सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।











# वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया







विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड), लखीमपुर खीरी में आज वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह नें मां सरस्वती व गुरूगोविन्द सिंह जी के दोनों साहिबजादों (जोरावर सिंह जी, फतेह सिंह जी) के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राजेश कुमार बाजपेयी जी नें भैयाओं को जोरावर सिंह जी व फतेह सिंह जी के बारे में विस्तृत से बताया तथा भैयाओं को भी उन जैसा बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भैयाओं से कहा कि जिस प्रकार गुरूगोविन्द सिंह जी के दोनों साहिबजादों नें इस्लाम धर्म कबूल करने की जगह अपनी मौत को चुना उसी प्रकार का जज्बा धर्म और देश के प्रति हमारे अन्दर भी होना चाहिए। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें भैयाओं को बताया कि भारत में औरंगजेब के शासनकाल के दौरान इस्लाम कबूल न करने वाले लोगों की हत्या कर दी जाती थी। इसी दौरान जब औरंगजेब का सामना गुरु गोबिंद सिंह जी के बेटों से हुआ तो उन्होंने इसका कड़ा विरोध करते हुए इस्लाम कबूल करने से इंकार कर दिया और अपने धर्म और देश के साथ खड़े रहें। औरंगजेब ने इसकी सजा में दोनों साहिबजादों को दीवार में चुनवाने का फैसला सुनाया। उस समय दोनों साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेहसिंह जी की उम्र मात्र 9 और 6 वर्ष थी। जिस समय दोनों साहिबजादों को दीवार में चुनवाया जा रहा था तब भी वे जपजीसाहिब का पाठ कर रहे थे। दोनों साहिबजादों का अंत में सिर धड़ से अलग कर दिया गया तलवार अपनी गर्दन तक आने के बाद भी उनमें लेश मात्र का डर नहीं था बल्कि अपने देश धर्म के लिए बलिदान होने पर गर्व था। ऐसे वीर पुत्रों को समस्त भारत प्रणाम करता है जिन्होंने अपने धर्म के लिए नन्हीं सी आयु में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। जिनके बलिदान की गाथा युगों–युगों तक गाई जायेगी। कार्यक्रम के बाद 10रू30 बजे से विद्यालय के सभी भैयाओं को प्रोजक्टर के माध्यम से 'वीर बाल दिवस' के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# अभिभावकों की संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्पन्न



विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर में अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, संस्कृति भवन– कुरूक्षेत्र, हरियाणा द्वारा आयोजित अभिभावकों की प्रवेशिका कक्षा की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें करीब 150 अभिभावक परीक्षा देने विद्यालय में उपस्थित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने बताया कि जहां हमारे शिक्षक कक्षा–कक्ष में शिशुओं को भारतीय संस्कृति एवं सद्संस्कारों की शिक्षा प्रदान करते हैं, वहीं पर अभिभावकों में अपने देश, संस्कृति व समाज के बारे में जानकारी हो, उन्हें गौरव की अनुभूति हो सके। इस हेतु इस तरह की परीक्षा का आयोजन विद्या भारती के विद्यालयों में कराई जाती है। परीक्षा प्रमुख ज्ञानेंद्र कुमार बाजपेई जी ने सभी परीक्षार्थियों को **OMR** शीट ठीक तरह से भरने की जानकारी देते हुए परीक्षा संपन्न कराई।

# बोधमाला परीक्षा सम्पन्न





विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना व डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मन्दिर आवास विकास लखीमपुर में विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र, हरियाणा द्वारा आयोजित बोध माला की परीक्षा संपन्न हुई। मिश्राना के प्रधानाचार्य श्री मुनेंद्र दत्त शुक्ल जी ने शिशुओं के प्रोत्साहन हेतु अपने द्वारा पूर्व में की गई घोषणा को दोहराते हुए 90 या इससे ऊपर अंक प्राप्त करने वाले समस्त शिशुओं को पुरस्कृत करने की घोषणा की। डॉ. हेडगेवार के प्रधानाचार्य श्री राममणि जी ने भैयाओं को इस परीक्षा की महत्ता को बताया।

# आपदा प्रबन्धन कार्यशाला सम्पन्न




विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू0पी0बोर्ड), लखीमपुर में आज कक्षा द्वादश के भैयाओं की आपदा प्रबन्धन पर एक कार्यशाला उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वाधान में सम्पन्न हुयी। जिसमें लखनऊ से आये हुए ट्रेनरों द्वारा छात्रों को आकस्मिक आयी आपदाओं से बचने के विभिन्न उपायों को विस्तार से समझाया गया। कार्यशालाा में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री कुन्तीश अग्रवाल व श्री विजय कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# इंग्लिश स्पोकेन कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया



विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर में दिनांक 04–01–2024 एवं 05–01–2024 तक English Spoken course आचार्यों के मध्य आयोजित किया गया। जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड के आचार्य श्री आलोक जी उपस्थित रहे। जिन्होंने टीम बनाकर ग्रुप डिस्कशन कराया और एक्टिविटीज के माध्यम से शिक्षण कैसे हो इसका भी विवेचन किया। इसी क्रम में दिनांक 06–01–2024 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड से ज्ञानेंद्र जी ने बताया कि आचार्य के मध्य आज के युग में अपने को, अपने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के प्रति लगाव व उसके महत्व तथा आपस में धारा प्रवाह इंग्लिश बोलने की क्षमता के कई आयाम बताये और विभिन्न प्रकार के टॉपिक दिए जिन पर सबसे अलग–अलग विचार व्यक्त करवाये तथा कुछ अन्य टॉपिक देकर उन पर एक्टिविटीज भी करायी। जिसमें शिक्षकों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक और मनोरंजन तथा आनंददायी अध्ययन–अध्यापन में सहभागिता की। उक्त कार्यशाला में सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर के समस्त आचार्य एवं डा0 हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास से इंग्लिश पढ़ाने वाले समस्त आचार्य बंधु/भगिनी भी उपस्थित रहे।

# रायबरेली संकुल

## सबसे छोटे दिन मनाया गया सबसे बड़े गणितज्ञ का जन्मदिन



विद्या भारती विद्यालय स्वदेश सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज महराजगञ्ज रायबरेली में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन क ा जन्म दिवस राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। प्रातः कालीन वन्दना सभा में गणित विषय के आचार्य आशीष जी, लाल बहादुर जी, राम आनन्द जी, एवं आचार्या बहन सीमा जी ने सम्मिलित रूप से श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पार्चन किया। माँ के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन व माँ की वन्दना पश्चात कार्यक्रम का सञ्चालन आचार्य आशीष तिवारी जी ने किया। आज के इस महनीय दिवस पर छात्रा बहन गरिमा त्रिवेदी, ऋतु मिश्रा, अरुणिमा भारती ने श्रीनिवासन रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला। बहन ऋतु मिश्रा ने रामानुजन के बारे में विस्तार से बताया कि इन्होंने अल्पायु में तीन हजार पांच सौ से अधिक गणित के सूत्रों की खोज की। बहन गरिमा ने गणित का जीवन में महत्त्व को बताते हुए महान गणितज्ञ रामानुजन के जीवन के महत्त्वपूर्ण योगदान को विस्तार से बताया। आशीष जी ने भी रामानुजन संख्या के महत्त्व को बताया कि यह संख्या 1729 दो सांख्य युग्म का घन है। अन्त में प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के सबसे छोटी अवधि के दिन पर हम सबसे बड़े गणितज्ञ की जयन्ती मना रहे हैं। जयन्ती मनाने का उद्देश्य तभी पूर्ण होगा जब हम सभी ऐसे विद्वान गणितज्ञ रामानुजन जिन्होंने तैंतीस वर्ष की अल्पायु के जीवन में इतने विस्तीर्ण कार्य किए कि हम वर्ष 2012 से इनके जन्म दिवस को गणित दिवस के नाम से मनाते हैं उनके जीवन से कुछ सीख लेते हुए अपने जीवन को संवराने का संकल्प लें।



# गणित दिवस आयोजित किया गया








सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एनटीपीसी ऊंचाहार में आज राष्ट्रीय गणित दिवस एवं रामानुजन जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें विद्यालय के भैया बहनों ने अनेक प्रकार के खाद्य पदार्थ को गणित के विभिन्न आकार में निर्मित करके मेले का आयोजन किया इस उत्सव के मुख्य अतिथि प्रियदर्शिनी महिला क्लब एनटीपीसी की अध्यक्षा श्रीमती तरुणा छाबड़ा और उनकी पूरी टीम ने मेले का उद्घाटन किया। मेले में आए हुए मुख्य अतिथि मैडम छाबड़ा ने विद्यालय के भैया बहनों एवम आचार्यों की  प्रशंसा करते हुए कहीं की इतने योग्य आचार्यों द्वारा शिक्षण कार्य किया जाएगा तो निश्चित ही भैया और बहन बहुत विकास करेंगे कार्यक्रम का संचालन गणित के प्रवक्ता अनिल दुबे तथा बहनों ने किया अंत



मे विद्यालय के यसस्वी प्रधानाचार्य श्री बालकृष्ण सिंह जी ने आये हुए अतिथियों का हृदय से आभार और धन्यवाद दिया। गणित मेले में आये हुई पूरी परिदर्शनी महिला क्लब की टीम ने हर स्टाल पर जाकर आनंद लिया । मेले का आनंद तो सभी भैया बहनों के साथ पूरा विद्यालय परिवार ने लिया स्टाल लगाए हुए भैया बहनों ने इस शुभ अवसर पर अच्छी कमाई भी किये और खुश रहे बार बार कहते रहे कि ये मेला हर माह के अंत मे होना चाहिए।











# उन्नाव संकुल

## नशामुक्त संकल्प दिवस मनाया गया






सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में वीर बाल दिवस के अवसर पर नशामुक्त संकल्प दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया । आज विद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नशा मुक्त आन्दोलन के राष्ट्रीय एम्बेसडर श्री ज्योति बाबा का पाथेय प्राप्त हुआ । कार्यक्रम में 92.7 बिग FM रेडियो की राज राजेश्वरी जी ने भैया बहिनों को नशे की बुरी लत से कैसे बचें के बारे में जानकारी दी व भैया बहिनों से इसके बारे में पूंछताछ भी की । लखनऊ से पधारे श्री ज्योति बाबा ने भैया बहिनों को नशा न करने की प्रतिज्ञा भी कराई । इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित व्यापारिक लोग मीडिया के लोग जिसमें दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान ,आज व राष्ट्रीय सहारा के प्रधान संवाददाता व विद्यालय के सभी आचार्य व कर्मचारी मौजूद रहे । कार्यक्रम के संयोजक श्री कमल वर्मा जी ने ज्योति बाबा का सम्मान किया वहीं श्री कमल वर्मा व ज्योति बाबा ने सभी संवाददाताओं को भी अंगवस्त्र से सम्मानित किया । जोति बाबा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी को व विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री शिव सिंह , श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी व श्री श्याम नारायण मिश्र जी को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर सभी भैयाओं ने कभी भी नशा न करने की सौगंध खायी व अपने आस– पास के लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया । अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने सभी अभ्यागत अतिथियों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी ने किया ।




# बैंक जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन




सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में भारतीय रिजर्व बैंक के तत्त्वाधान में एवोक इण्डिया द्वारा बैंक जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें श्री प्रवीण द्विवेदी जी संस्थापक और प्रबंध निदेशक एवोक इंडिया, श्री कौशिक जी एल डी ओ आर बी आई व श्री के के माथुर वरिष्ठ प्रशिक्षक ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर दीप प्रज्ज्वलित किया। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री नरेंद्र कुमार मिश्र जी ने अतिथियों का परिचय कराया। आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री के के माथुर जी ने विभिन्न बैंकों से धोखाधड़ी व उनसे बचने के उपाय व खाता धारकों के जागरूक होने पर बल दिया उन्होंने कहा यदि कोई भी बैंक खाताधारक को परेशान करता है या उनसे सामान्य व्यवहार नहीं करता तो इसकी लिखित सूचना शाखा प्रबंधक को दें सुनवाई न होने पर बैंकिंग लोकपाल को लिखें। विद्यालय के प्रबंधक श्री राकेश कुमार जी ने अभ्यागत अधिकारियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन ए टी एल प्रमुख श्री राहुल पांडेय जी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह जी, वरिष्ठ प्रवक्ता शिव सिंह, छात्र संसद के पदाधिकारी एवं समस्त आचार्य, पूर्व छात्र परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

# बाराबंकी संकुल

## श्री रामानुजन का जन्मदिन मनाया गया



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखपेड़ाबाग बाराबंकी में वंदना सभा में महान गणितज्ञ श्री रामानुजन् के चित्र पर पुष्पार्चन करके उनका जन्मदिन मनाया गया, इस अवसर पर विद्यालय के गणित प्रवक्ता श्री पवन कुमार तिवारी के द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया, और श्री बलराम तिवारी के द्वारा बच्चों से क्विज प्रतियोगिता की गई, कक्षा –11 की बहन साक्षी यादव ने रामानुजन् पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया एवं अन्य भाइया– बहनों ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया , विद्यालय के आचार्य श्री रामकृष्ण तिवारी ने बच्चों को अपना आशीर्वचन प्रदान दिया, कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

## गणित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तहसील फतेहपुर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती व राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर गणित –विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में नन्हे बाल वैज्ञानिकों ने स्वर्णिमित मॉडलों से अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया ।आए हुए अतिथियों का घोष एवं स्काउट –गाइड दल के द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि प्रांतीय विज्ञान प्रमुख मुनीष चंद्र श्रीवास्तव ने छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की बात कहते हुए वैज्ञानिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की योजना की प्रशंसा की। उन्होंने प्रदर्शनी का वृहद निरीक्षण कर प्रत्येक छात्र के नवाचारित प्रयोग के मॉडलों की उपयोगिता पर विशेष चर्चा की, साथ ही रामानुजन के जीवन संघर्षों एवं उनकी अस्वस्थ अवस्था में ही निरंतर गणितीय खोज करते रहने की इच्छा शक्ति का वर्णन किया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने रामानुजन की जीवनी व गणितीय उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इनके द्वारा खोजी गई हार्डी– रामानुजन मैजिकल नंबर्स की मनोरंजक चर्चा की। इसके साथ दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गणित के महत्व तथा अन्य विषयों के साथ इसके महत्वपूर्ण संबंधों को प्रस्तुत किया । प्रबंधक लाल बहादुर वर्मा ने ज्यामितीय रंगोलियों एवं रामानुजन के जीवन चरित्र व




उपलब्धियों से संबंधित विशेष प्रदर्शन देखकर छात्रों का उत्साह वर्धन किया ।प्रत्येक गणितीय रंगोली व सज्जा का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने सभी छात्रों में रामानुजन जैसी प्रतिभा का निखार हो ऐसी स्वप्रेरणा विकसित करने का आग्रह किया। उपाध्यक्ष अहीबरन सिंह ने छात्रों की वैदिक गणित प्रतियोगिता का मूल्यांकन करते हुए वैदिक गणित का महत्व बताकर कहा कि बड़ी से बड़ी संख्याओं पर गणितीय क्रियाएं वैदिक गणित द्वारा सहजतम ढंग से संपन्न की जा सकती हैं। विज्ञान प्रदर्शनी में 300 मॉडलों का प्रदर्शन किया गया जिसमें 88 चल मॉडलों एवं 106 स्थिर मॉडलों का तथा शेष चार्टों का प्रदर्शन किया गया। कोषाध्यक्ष विजय कुमार जैन नें निरंतर ऐसी ही प्रदर्शनात्मक गतिविधियों को आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया ।कार्यक्रम का अंग्रेजी में सफल संचालन बहन आराध्या सिंह ने किया । विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख आचार्य दिनेश वीर विक्रम सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम में सतीश चंद्र श्रीवास्तव सुधीर गुप्ता कैलाश बाबू अवस्थी विपुल शर्मा प्रिया सैनी ममता सैनी एकता श्रीवास्तव व प्रीति सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





# हरदोई संकुल

## पूजित अक्षत कलश का किया गया स्वागत

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र से पूजित अक्षत कलश के जनपद हरदोई आगमन पर सरस्वती शिशु /विद्या मन्दिर विष्णुपुरी हरदोई के प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी, आचार्य ललित बाजपेई जी, कार्यालय प्रमुख श्री विश्वजीत सिंह जी, प्रबंधक डॉ०सी०पी० कटियार जी, संघ के जिला कार्यवाह श्रीमान संजीव खरे भाईसाहब, श्रीमान गौरव भदौरिया जी सहित शहर के तमाम गणमान्य लोगों के साथ स्वागत सम्मान किया गया तथा नगर भ्रमण कर संघ कार्यालय तक यात्रा के सहभागी बने।






## महापुरूषों का जन्मदिन मनाया गया

विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में प्रातः कालीन वन्दना सभा में ही भारत रत्न से सम्मानित महानुभावों महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनाई गई । विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री सुशील सिंह जी ने दोनों महापुरुषों के जीवन चक्र पर शिशुओं को रोचक जानकारी प्रदान की । आचार्य श्री रमेश बाजपेई जी ने मदन मोहन मालवीय जी व आचार्य श्री विनय कुमार सिंह जी ने अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गए महान कार्यों से भैया/बहनों को अवगत कराया। शिशु भारती प्रमुख श्री वीरेन्द्र आचार्य जी ने भी दोनों महापुरुषों के कृतित्व पर प्रकाश डाला। अन्त में प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी ने भैया / बहनों को ऐसे महान लोगों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपनें जीवन को सफल बनाएं जिससे इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य सफल हो सके।

# अम्बेडकर नगर संकुल

## राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया



विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर में आज प्रातः वंदना सभा में प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र सिंह व मुख्य अतिथि श्री रनविजय कुमार प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय माध्यमिक विद्यालय रामनगर अंबेडकर नगर व श्री जुबेर अहमद प्रवक्ता एस एन इंटर कॉलेज इंदईपुर अंबेडकर नगर द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य जी ने कहा की गणित सभी विषयों का आधार है। श्रीनिवास रामानुजन एक महान भारतीय गणितज्ञ थे। इन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित




विचारको में गिना जाता है। यह बचपन से ही विलक्षण प्रतिभावान थे। इन्होंने अपने जीवन भर में 3884 प्रमेयों का संकलन किया, इन्होंने गणित के सहज ज्ञान और बीजगणित प्रकलन की अद्वितीय प्रतिभा के बल पर बहुत से मौलिक और अपारंपरिक परिणाम निकाले जिनसे प्रेरित शोध आज तक हो रहा है। इनके पिता का नाम श्रीनिवास अयंगर तथा माता का नाम कोमलताम्मल था ।भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जीवन कई आश्चर्यों से भरा हुआ है। रामानुजन ने मैथमेटिकल एनालिसिस, इन फाइनट सीरीज, फ्रैक्शन, नंबर थिअरी





आदि जैसे गणित के कठिनतम क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तत्पश्चात भैया बहनों के बीच विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उल्टी गिनती प्रतियोगिता, गणित चार्ट ,गणित मॉडल, गणित पहेली, गणितज्ञो के चित्र बनाने एवं रंग भरने की प्रतियोगिता, गणित से संबंधित रंगोली, गणित में स्वरचित कविताएं, गणितज्ञों पर भाषण, निबंध व गणित प्रश्न मंच का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी भैया बहनों ने बड़े ही मनोयोग से प्रतिभाग किया एवं अपने–अपने स्थान सुनिश्चित कर पुरस्कार भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित से अच्छा कोई विषय नही हो सकता ।इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को गणित विषय के प्रति जागरूक करने के लिए किया जाना आवश्यक है। प्रतियोगिताओं में जीतना उतना महत्वपूर्ण नहीं होता जितना कि भाग लेना होता है, अतः सभी भैया बहनों को विद्यालय में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में सहर्ष भाग लेना चाहिए। श्री जुबेर अहमद जी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे भैया बहनों को शिक्षा एवं उससे संबंधित प्रतियोगिताओं के बारे में जागरूक करते हुए अपने विचार व्यक्त किया ।कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अशोक कुमार सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य हरिराम यादव द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया व प्रधानाचार्य जी द्वारा आए हुए अतिथि महानुभावों का आभार प्रदर्शित किया गया।



# महामना मदन मोहन मालवीय जी व श्रदेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयन्ती मनायी गयी



विद्या विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में प्रातः कालीन वन्दना सभा में ही भारत रत्न से सम्मानित महानुभावों महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनाई गई । विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राम आशीष सिंह जी एवं आचार्य श्री सुधीर कुमार मिश्रा जी ने दोनों महापुरुषों के जीवन चक्र पर भैया बहनों को रोचक जानकारी प्रदान की । आचार्य श्री सुधीर कुमार मिश्रा जी ने मदन मोहन मालवीय जी व आचार्य श्री राम आशीष सिंह जी ने अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गए महान कार्यों से भैया/बहनों को अवगत कराया। कन्या भारती प्रमुख बहन गौरी सिंह ने भी दोनों महापुरुषों के कृतित्व पर प्रकाश डाला। अन्त में प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्रा जी ने भैया / बहनों को ऐसे महान लोगों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपनें जीवन को सफल बनाएं जिससे इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य सफल हो सके। कार्यक्रम का संचालन बहन प्रियंका वर्मा ने किया एवं आभार ज्ञापन आचार्य श्री राम जी गौड जी ने किया।

# मातृ सम्मेलन आयोजित किया गया



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में भव्य मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 550 माताएं और बहने उपस्थित हुई। मातृ सम्मेलन की शुरुआत वंदना से प्रारंभ हुई । इसके पश्चात आए हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती डॉक्टर करुणा वर्मा जी (प्रधानाचार्या आदर्श कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरुआ जलांकी अंबेडकर नगर), श्रीमती नीरा तिवारी जी (प्रधानाचार्या













प्राइमरी स्कूल एनटीपीसी), कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर मनीराम वर्मा जी विद्यालय के(कोषाध्यक्ष प्रबंध समिति) ने किया। डॉक्टर करुणा वर्मा जी ने आई हुई माताओं और बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में आप सभी का सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्रा जी ने आई हुई माताओं और बहनों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री सुधीर कुमार पांडेय जी ने किया। कार्यक्रम की वीडियो ग्राफी एवं फोटोग्राफी विद्यालय के मीडिया प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह जी ने किया। विद्यालय के आचार्य/आचार्या बहने एवं कर्मचारी गण के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा ।

# पत्रिका का विमोचन किया गया







विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर में आज प्रातः जय बजरंग ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से प्रकाशित पत्रिका प्रज्ञा लोक का विमोचन उप जिला अधिकारी आलापुर श्री सौरभ शुक्ल द्वारा किया गया। पत्रिका के विमोचन अवसर पर भैया बहनों को संबोधित करते हुए श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि ग्रामीण अंचल में अवस्थित जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। इस प्रकार के क्रियाकलापों से बच्चों में साहित्य सृजन एवं जागरूकता का भाव विकसित होता है कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह जी द्वारा अतिथि महोदय का स्वागत करते हुए पत्रिका की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इसी के साथ जय बजरंग ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। पत्रिका के बारे में श्री राजेश पांडे जी ने भी अपने विचार व्यक्त किया। अतिथियों का परिचय जय बजरंग बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रामविलास जी द्वारा कराया गया एवं संचालन कक्षा एकादश के भैया शाश्वत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा द्वारा आए हुए अतिथि महानुभावों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दीपक चंदेल जी, जय बजरंग पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपिका श्रीवास्तव जी व अन्य आचार्य – आचार्या बहने उपस्थित रही।

# बहराइच संकुल

## गणित दिवस के रूप में श्रीनिवास रामानुजम का जन्म दिन मनाया गया





सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, माधवपुरी बहराइच में श्री निवास रामानुजम का जन्मदिन गणित दिवस के रूप में मनाया गया।

## युवा दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया





सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज बहराइच में स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक श्री रामजी सिंह, एस.डी.एम. बहराइच श्री प्रिन्स वर्मा, सिद्धेश्वर मन्दिर के मंहत, प्रधानाचार्य श्री रविशुक्ला के साथ समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# बलरामपुर संकुल

## अक्षत वितरण कार्यक्रम किया गया



बलरामपुर। श्री राम जन्मभूमि अक्षत वितरण कार्यक्रम के तहत एम एल के पी जी कॉलेज टीचर्स कॉलोनी में श्री राम जन्मभूमि का चित्र ,पत्रक एवं अक्षत देकर संपर्क करते हुए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमनापार्क बलरामपुर के प्रबंधक डॉ सतीश सिंह जी ,प्रधानाचार्य श्री राम तीरथ यादव जी, प्रवक्ता श्री मदन मोहन त्रिपाठी जी एवं प्रवक्ता श्री अजय प्रकाश मौर्य जी कम्प्यूटर प्रभारी श्री रवि वर्मा जी तथा एम एल के पीजी कॉलेज के प्रवक्ता डॉ राजन सिंह जी उपस्थित रहे।













# गोण्डा संकुल

## धूमधाम से रामानुजम का जन्मदिन मनाया




अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर बड़गांव गोण्डा में बड़े ही धूमधाम से श्री निवास रामानुजन जी का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया अंकित यादव, सचिदानंद तिवारी, अखण्ड प्रताप सिंह,बहन आकांक्षा भट्ट आदि ने अपने विचारि व्यक्त किए। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री रवि कुमार दूबे जी ने राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर बोलते हुए बताया कि अत्यंत निर्धन परिवार में जन्मे श्री निवास रामानुजन जी का बाल्यकाल से ही गणित के प्रति रुचि थी और इसके बल पर पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। आचार्य श्री राजेश कुमार तिवारी जी ने गणित दिवस के अवसर पर भैया बहनों के सम्मुख अपने विचार रखते हुए बताया कि इन्होंने अल्प आयु में गणित में शोध एवं अनेक सूत्र की रचना की।जो आज के समय में भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी ने भैया बहनों को भूरि भूरि प्रशंसा की।

## स्वामी विवेकानन्द जी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया




अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर बड़गांव में स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इस कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं के प्रेरणा स्तोत्र स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ ।कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए गायत्री परिवार के जिला समन्वयक ठाकुर प्रसाद जी बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में पहुंचाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष भूपेंद्र प्रसाद ज़ी ने भैया बहनों के सम्मुख श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से सम्बन्धित जानकारी प्रदान कीऔर भैया बहनों को श्रीराम जन्मभूमि का पूजित अक्षत भी वितरित करवाया।22 जनवरी को व्यापक स्तर पर मनाने एवं सजाने के लिए कहा । भैया बहनों को इस अवसर पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की बहने सानिका एवं आयुषी ने भी सम्बोधित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी ने भैया बहनों को पूजित अक्षत के महत्व पर प्रकाश डाला और अतिथि महानुभावों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में आचार्या बहन श्रीमती संतोष बहन जी ने किया

# अति महत्वपूर्ण तिथियां

**माह जनवरी 2024–**

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम सप्ताह | | अभिभावक गोष्ठी, मातृभारती गोष्ठी (कार्यक्रम) |
| 12 पौष शुक्ल प्रतिपदा | शुक्रवार | स्वामी विवेकानन्द जयन्ती, पूर्व छात्र सम्मेलन, राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम |
| 15 पौष शुक्ल पंचमी | सोमवार | मकर संक्रान्ति (अवकाश) |
| 15–31 पौष शु. पं. से माघ कृ.प. | सोम–बुध | समर्पण पखवारा |
| 23 पौष शु. त्रयोदशी | मंगलवार | सुभाषचन्द्र बोस जयन्ती (कार्यक्रम) |
| 26 माघ कृष्ण प्रतिपदा | शुक्रवार | गणतन्त्र दिवस, भारत माता पूजन (कार्यक्रम) |
| 30 माघ कृष्ण चतुर्थी | मंगलवार | महात्मा गांधी निर्वाण दिवस, शहीद दिवस, विश्व कुष्ठ निवारण दिवस |
| 31 माघ कृष्ण पंचमी | बुधवार | विद्यालय स्तरीय दक्षता वर्ग |




# भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.

# अवध प्रान्त

## सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ